# भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर 452001
## ICAR-National Soybean Research, Institute, Khandwa Road, Indore-452001

# सोया कृषकों के लिए सलाह
# Advisory for Soybean Farmers

फोन : 0731-2476188, Fax: 2470520
वेब साईट : https://iisrindore.icar.gov.in
ई मेल : director.soybean@icar.gov.in/ dsrdirector@gmail.com
YouTube लिंक: YouTube channel: https://www.youtube.com/channel/UCNdY5AsfPZqsCO8lxkAuSyQ
Facebook Page: https://www.facebook.com/ICAR-Indian-Institute-of-Soybean-Research-Indore-507415769433553
फेसबुक: https://www.facebook.com/icar.nsri/
X: @ICARNSRI Whatsapp & Telegram: NSRI Soy Farmers

© ICAR-NSRI

यह विस्तार बुलेटिन सोया कृषकों के सार्वजानिक हित में और विशुद्ध रूप से भारत भर के सोयाबीन उत्पादकों के लाभ के लिए जारी की गई है। यह आईसीएआर-राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान और सोयाबीन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के वैज्ञानिकों की बौद्धिक सम्पदा हैं। सोया कृषकों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा किसी प्रकार का व्यावसायिक/लाभ कमाने के लिए इसका आंशिक/संपूर्ण उपयोग ICAR-NSRI को बिना उचित श्रेय दिए सख्त वर्जित है।

Disclaimer: This document/Advisory is issued in the public interest and purely for the benefit of the soybean growers across India. This is the sole intellectual output of scientists of ICAR-National Soybean Research Institute, and All India Coordinated Research Project on Soybean. Its use by any organization (other than farmers) for any commercial/profit making as part/whole/copying without giving due credit is strictly prohibited.

**फ़ाइल् क्रमांक: टेक 10-6/2025** **दिनांक: 18.08.2025**

## सोयाबीन कृषकों के लिए उपयोगी सलाह / Weekly Advisory for Soybean Farmers
## (18-24 अगस्त 2025 / 18th-24h August 2025)


अ. **रोग प्रबंधन:** वर्तमान स्थिति में सोयाबीन फसल पर निम्नलिखित 3 प्रमुख रोग देखे जा रहे हैं. अतः सोया कृषकों को रोगों के लक्षण एवं नियंत्रण के उपाय अपनाने हेतु निम्नलिखित जानकारी दी जा रही हैं. **Diseaase Control:** Three major diseases are reported to have infestation in soybean crop at this stage. Information on their identification and control measures is given for its adoption by the soya farmers.

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **पीला मोज़ेक रोग (Yellow Mosaic Disease):** प्रारंभिक अवस्था में ही इसके लक्षण दिखने पर रोगग्रस्त पौधों को खेत से उखाड़कर निष्कासित करें तथा इन रोगों को फ़ैलाने वाले वाहक सफ़ेद मक्खी की रोकथाम हेतु फ्लोनीकेमिड 50% WG (200 ग्रा/हे) या थायोमिथोक्सम + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन (125मिली/हे) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली/हे) या एसिटेमीप्रीड 25%+बायफेंथ्रिन 25%WG (250ग्रा./हे) का छिडकाव करें. **इनके छिड़काव से तना मक्खी का भी नियंत्रण किया जा सकता है** .यह भी सलाह है कि सफ़ेद मक्खी के नियंत्रण हेतु कृषकगणअपने खेत में विभिन्न स्थानों पर पीला स्टिकी ट्रैप लगाएं. |  |
| | **Yellow Mosaic Disease:** For control of YMV diseases, farmers are advised to uproot/destroy the affected plant/parts along with spray of either one of the recommended pre-mixed insecticides like Thiamethoxam + Lambda Cyhalothrin (125 ml/ha) OR Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha) OR Acetamiprid 25% + Bifenthrin 25 % WG (250 g/ha). **This will also facilitate control of stem fly.** Farmers are also advised to use yellow sticky traps in order to attract white flies, the vectors of YMV respectively. |  |
| **2.** | **एन्थ्राक्नोज रोग:** जैसा की चित्र में दिखाया गया हैं, इसके प्रारंभिक लक्षण देखे जाने पर ही नियंत्रण हेतु टेबूकोनाजोल 25.9 ई.सी. (625 मिली/हे) या टेबूकोनाजोल 38.39 एस.सी. (625 मिली/हे) या टेबूकोनाझोल 10%+सल्फर 65%WG (1.25 किग्रा./हे) या कार्बेन्डाजिम 12%+मेन्कोजेब 63% डब्ल्यू.पी. (1.25 किग्रा/हे) से फसल पर छिडकाव करें.<br>**Anthracnose:** For control of anthracnose disease farmers are advised to apply the spray of Tebuconazole 25.9 EC (625 ml/ha) OR 38.39 SC (625 ml/ha) OR Tebuconazole Tebuconazole 10%+Sulphur 65% WG (1.25 kg/ha) OR Carbendazim 12%+Mencozeb 63% WP (1.25 kg/ha) immediately after the symptoms are seen. | <br>**एन्थ्राक्नोज** के लक्षण |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | **रायजोक्टोनिया एरिअल ब्लाइट:** इस रोग के लक्षण दिखाई देने पर सलाह हैं कि नियंत्रण हेतु अनुशंसित फफूंदनाशक फ्लुक्सापय्रोक्साड + पायरोक्लोस्ट्रोबीन (300 ग्रा/हे) या पायरोक्लोस्ट्रोबीन + इपोक्कोसीकोनाजोल (750 मिली/हे) या पायरोक्लोस्ट्रोबीन 20% WG (375-500 ग्रा/हे) का अपने फसल पर छिडकाव करें. |  |
| | **Rhizoctonia Aerial Blight:** Farmers are advised to apply the spray of recommended fungicides like Fluxapyroxad 167 g/l + Pyraclostrobin 333 g/l SC (300 g/ha) OR Pyraclostrobin 133 g/l + Epoxiconazole 50g/l SE (750 ml/ha) OR Pyroclostrobin 20 WG (375-500 g/ha) immediately after the symptoms of Rhizoctonia Aerial Blight are seen. |  |

**ब. कीट प्रबंधन:** वर्तमान स्थिति में सोयाबीन फसल पर हरी सेमीलूपर इल्ली, तम्बाकू की इल्ली, चने की इल्ली, तना मक्खी समेत कई कीटों का प्रकोप देखा जा रहा हैं. अतः सोया कृषकों को कीटों की पहचान कर नियंत्रण के उपाय अपनाने हेतु निम्नलिखित जानकारी दी जा रही हैं. **Insect Control:** Three major diseases are reported to have infestation in soybean crop at this stage. Information on their identification and control measures is given for its adoption by the soya farmers.

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **चने की इल्ली** के नियंत्रण हेतु फसल पर इंडोक्साकार्ब 15.80 % EC (333 मिली/हे.) का छिडकाव करें. इसके लिये वैकल्पिक कीटनाशक हैं, फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी (250-300 ग्राम/हे.) या फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150मि.ली/हे .) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी ( 150मि.ली./हे ), या इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे). |  |
| | Attack of *Helicoverpa* (**Gram Pod Borer**) has been reported in some part of Madhya Pradesh. Farmers are advised to apply spray of Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha). Alternatively, farmers may also apply the spray of any one of the following insecticides like Flubendiamide 20 % WG (250-300 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Chlorantraniliprole 18.5 % SC (150 ml/ha) **OR** Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha). | |
| **2.** | **तम्बाकू की इल्ली: इसके नियंत्रण हेतु निम्न में से किसी भी एक रसायन का छिडकाव करें :** क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी, ( 150मि.ली./हे ) या स्पायनेटोरम 11.7एस.सी (450 मिली/हे) या इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे), या फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी (250-300 ग्राम/हे.) या फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150मि.ली/हे .) या इंडोक्साकार्ब 15.8एस .सी (333 मि.ली/हे ), या क्लोरफ्लूआजुरोन % 05.40EC (500 मिली./हे) या नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब 04.50 % एस. सी. (825-875 मिली/हे) या ब्रोफ्लानिलाइड 300 g/l एस.सी. (42-62 ग्राम/हे),) का छिडकाव करें. For the control of Tobacco caterpillar (*Spodoptera litura*), farmers are advised to apply the spray of any of the following insecticide: Chlorantraniliprole 18.5 % SC (150 ml/ha) OR Spinoteram 11.7 SC (450 ml/ha) **OR** Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) **OR** Flubendiamide 20 % WG (250-300 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha), **OR** Chlorfluazuron 05.40% EC (500 ml/he) **OR** Novaluron+Indoxacarb 04.50% SC (825-875 ml/ha) OR Broflanilide 300 g/l SC (42-62 g/ha). |   |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | **सेमीलूपर इल्ली** के नियंत्रण हेतु क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी ( 150मि.ली./हे ), **या** इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 (425 मि.ली./हे), **या** ब्रोफ्लानिलाइड 300एस.सी . 300 g/l एस.सी. (42-62 ग्रा/हे.) **या** फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी (250-300 ग्राम/हे) **या** फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी ( 150मि.ली.) **या** लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.90 सी. एस. (300 मिली/हे) **या** प्रोफेनोफॉस 50ई.सी.(1 ली/हे) **या** क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 % +लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.60 % ZC, (200 मिली/हे) का छिडकाव करें.<br>For the control of Semilooper, farmers are advised to apply the spray of Chlorantraniliprole 18.5 % SC (150 ml/ha) **OR** Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) **OR** Broflanilide 300 g/l SC (42-62 g/ha) **OR** Flubendiamide 20 % WG (250-300 g/ha) **OR** Flubendiamide 39.35 % w/w SC (150 ml/ha) **OR** Lambda-cyhalothrin 04.90 % CS (300 ml/ha) **OR** Profenofos 50 % EC (1 l/ha) **OR** Chlorantraniliprole 09.30 % + Lambda-cyhalothrin 04.60 % ZC (200 ml/ha). |  |
| **4.** | **तना मक्खी** के नियंत्रण हेतु सलाह हैं कि लक्षण दिखाई देने पर पूर्वमिश्रित कीटनाशक थायोमिथोक्सम 12.60%+लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. (125 मिली./हे.) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली./हे.) या आइसोसायक्लोसरम 9.2 WW.DC (10% W/V) DC (600 मिली/हे.) या बायफेंथ्रिन 32 % + क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 12% WG (250 g/ha) का छिड़काव करें.<br>Farmers are advised to control the **stem fly** using spray of Pre-mixed formulation Thiamethoxam12.60%+Lambda Cyhalothrin 09.50% ZC @125 ml/ha OR Betacyfluthrin + Imidacloprid @350 ml/ha **OR** Isocycloserum 9.2WW.DC (10% W/V)DV @600 ml/ha OR Bifenthrin 32% + Chlorantraniliprole 12% WG (250 g/ha) immediately after the symptoms are noticed. |  |
| **5.** | **चक्र भृंग** के लक्षण दिखाई देने पर प्रारंभिक अवस्था में ही इसके नियंत्रण हेतु थायक्लोप्रिड 21.7 एस.सी . ( 750मिली/हे) **या** टेट्रानिलिप्रोल 18.18 एस.सी. (250-300 मिली/हे) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 एस.सी 18.50 % SC (150 मिली/हे) या इमामेक्टीन बेन्जोएट ( 425मिली /है ) या प्रोफेनोफॉस 50 ई.सी (1 ली/.है) या का छिड़काव करें। यह भी सलाह दी जाती है कि इसके फैलाव की रोकथाम हेतु प्रारंभिक अवस्था में ही पौधे के ग्रसित भाग को तोड़कर नष्ट कर दें.<br>For control of **Girdle beetle**, farmers are advised for destruction of affected plant/part as well as spraying of crop with Thiacloprid 21.7 S.C. (750 ml/ha) OR Tetraniliprole 18.18 SC (250-300 ml/ha)**OR** Chlorantraniliprole 18.50 % SC (150 ml/ha) OR Emamectin benzoate 01.90 % EC (425 ml/ha) **OR** Profenophos 50 E.C. (1 l/ha) soon after the symptoms are observed. |  |

## स. एक से अधिक कीटों के नियंत्रण हेतु उपयुक्त कीटनाशक का छिडकाव

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | पत्ती खाने वाली तीनों इल्लियों (सेमीलूपर/तम्बाकू/चने की इल्ली) के एक साथ नियंत्रण हेतु **स्पायनेटोरम 11.7एस.सी (450** मिली/हे) या **क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5एस.सी** (150 मिली/हे) या पूर्व मिश्रित कीटनाशक जैसे क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. (200 मिली/हे) का छिडकाव करें. In such areas where having infestation of all the three defoliators (green semilooper, tobacoo caterpillar and heliothis), it is advised to spray the crop with either one of the insecticides like Spinetoram 11.7 SC (450 ml/ha) **OR** Chlorantraniliprole 18.5 SC (150 ml/ha) **OR** pre mixed formulation of Chlorantraniliprole 09.30 % + Lambda-cyhalothrin 04.60 % ZC (200 ml/ha). |  |

| | | |
|---|---|---|
| **2.** | पत्ती खाने वाली इल्लियों (सेमीलूपर/तम्बाकू/चने की इल्ली) **तथा** रस चूसने वाले कीट जैसे सफ़ेद मक्खी/जसीड **एवं** तना छेदक कीट (तना मक्खी/चक्र भृंग) के एक साथ नियंत्रण हेतु पूर्व मिश्रित कीटनाशक जैसे थायोमिथोक्सम 12.60%+लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन 09.50% जेड.सी. (125 मिली./हे.) या बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली./हे.) या क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 % +लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.60 % ZC, (200 मिली/हे) या इंडोक्साकार्ब 15.8एस .सी (333 मि.ली/हे ), का छिडकाव करें.<br>In such areas where having infestation of defoliators as well white fly and stem borers simultaneously, it is advised to spray the crop with either one of the premixed formulations like Thiamethoxam + Lambda Cyhalothrin (125 ml/ha) OR Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha) **OR** Chlorantraniliprole 09.30 % + Lambda-cyhalothrin 04.60 % ZC (200 ml/ha) OR Indoxacarb 15.80 % EC (333 ml/ha), |  |

**द. वर्तमान मौसम में महत्वपूर्ण समसामयिक सलाह**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | सूखे की स्थिति में भूमि में दरारे पड़ने से पूर्व ही फसल की सिंचाई करें. इसके लिए स्प्रिंकलर/ड्रिप/BBF/रिज फरो से बनी नालियों का उपयोग किया जा सकता हैं. कृषकगण अन्य उपाय जैसे भूसे/खरपतवारों की पलवार लगा कर नमी संरक्षण का काम कर सकते हैं.<br>In case of drought, farmers are advised to apply critical irrigation with sprinkler/drips/flood irrigation using furrows created by use of BBF/Ridge Furrow seed drill. Farmers may also adopt measures like soil mulching with wheat straw to conserve available soil moisture. |  |
| **2.** | जून माह के दुसरे/तीसरे सप्ताह में बोई गयी कम समयावधि की सोयाबीन फसल में कृषकों को सलाह है कि चूहें द्वारा फलियों के अन्दर दाने खाने से होने वाले नुकसान से बचाने हेतु प्रबंधन के उपाय अपनाये. इसके लिए फ्लोकोउमाफेन 0.005% रसायन से बने प्रति हेक्टेयर 15-20 बेट/हे. बनाकर चूहों के छेदों के पास रखे.<br>In areas where sowing of short-duration soybean varieties was done in Second/Third week of June, farmers having are advised to manage the yield loss caused due to feeding of rats on tender pods. This can be done by keeping the poison baits (15-20/ha) made of Flocoumafen 0.005% Block Bait (Strom) near the rat holes. |  |
| **3.** | वर्तमान में देखे जा रही सूखे की स्थिति में माइट्स mite आने की संभावना है इसलिए इसके प्रबंधन के लिए इथिओन Ethion 50 EC ( phosmite) का @ 1500 मिली/हैक्टेयर के हिसाब .से छिडकाव करने की अनुशंसा है. An infestation of mites is likely to occur during the dry spell experienced at present. Farmers are advised to apply spray of Ethion 50 EC @ 1500 ml/ha for its control. |  |
| **4.** | बीजोत्पादन वाले खेत में शुद्धता बनाये रखने के लिए फूलों के रंग एवं पौधों/पत्तियों/तने पर पाए जाने वाले रोये के अधर पर भिन्न किस्मों के पौधों को अपने खेत से निष्कासित करें.<br>Farmers are advised to carry out roughing (removal of off-type plants belonging to other varieties) in order to maintain seed purity. This can be done based in flower color or pubescence found on the plant/leaves/pods/stem. |  |
| **7.** | जलभराव से होने वाले नुकसान से सोयाबीन फसल को बचाने हेतु अतिरिक्त जल-निकासी सुनिश्चित करें.<br>In case of continuous/excessive rainfall, drainage arrangement is recommended to avoid the crop damage due to waterlogging. |  |
| **8.** | कई दिनों से बारिश नहीं होने से सुखी भूमि में सफ़ेद सुंडी का प्रकोप हो सकता हैं. अतः सलाह है की इसके नियंत्रण हेतु खेत मे प्रकाश प्रपंच लगाए एवं व्हाइट ग्रब के वयस्कों को एकत्र होने पर नष्ट करें। साथ ही फसल पर बीटासायफ्लुथ्रिन+इमिडाक्लोप्रिड (350 मिली./हे.) का सोयाबीन की फसल में पौधों में बीच छिडकाव करें। |  |

| | |
|---|---|
| | For control of white grubs, farmers are therefore advised to installation of light traps for the collection and destruction of white grub adults. Depending upon the severity, farmers are advised for Soil application of Betacyfluthrin + Imidacloprid (350 ml/ha) between the rows between the rows. |
| **9.** | वर्तमान में देखि जा रही सूखे/अतिवर्षा की स्थिति को ध्यान में रखकर 50-60 दिन की फसल में सलाह हैं की फसल पर देखे जा रहे/आने वाले समय में फफूंदजनित रोगों के नियंत्रण हेतु सुरक्षात्मक रूप से अनुशंसित फफूंदनाशक फ्लुक्सापयोक्साड + पायरोक्लोस्ट्रोबीन (300 ग्रा/हे) का छिडकाव करें. यह भी विशेष सलाह हैं कि छिडकाव के लिए क्रेप्सैक स्प्रेयर से प्रति हेक्टेयर 500लीटर पानी तथा ट्रेक्टर चालित पॉवर स्प्रेयर से न्यूनतम 200 ली. पानी का उपयोग करें.<br>Farmers are advised to apply preventive spray of recommended fungicides like Fluxapyroxad 167 g/l + Pyraclostrobin 333 g/l SC (300 g/ha) considering the prevailing dry spell or continuous rains experienced in some area. However, they are requested to use adequate quantity of water for spray solution ie. 500 l/ha for knapsack sprayer and minimum of 200 l/ha in case of tractor drawn power sprayers. |

## सामान्य सलाह / General advisory

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सोयाबीन की फसल में पक्षियों की बैठने हेतु "T" आकार के बर्ड-पर्चेस लगाये . इससे कीट-भक्षी पक्षियों द्वारा भी इल्लियों की संख्या कम करने में सहायता मिलती है .Farmers are also advised to install bird perches at different locations which facilitate seating arrangement for predatory bird which feed on leaf eating caterpillars. |  |
| 3. | सोयाबीन फसल में तम्बाकू की इल्ली एवं चने की इल्लियों के प्रबंधन हेतु बाजार में उपलब्ध कीट विशेष फेरोमोन ट्रैप या प्रकाश प्रपंच लगाये. For the management of Tobacco caterpillar and gram pod borer, farmers are advised for installation of insect-specific pheromone traps and use of NPV (250 LE/ha). Use of Emamectin benzoate (425 ml/ha) is also effective against these insects. |  |
| 4. | अपने खेत की नियमित निगरानी करें एवं खेत में जाकर 3-4 स्थानों के पौधों को हिलाकर सुनिश्चित करें कि क्या आपके खेत में किसी इल्ली/कीट का प्रकोप हुआ है या नहीं और यदि हैं, तो कीड़ों की अवस्था क्या हैं? तदनुसार उनके नियंत्रण के उपाय अपनाये.<br>Farmers are advised to monitor their crop on regular intervals preferably at 3-4 locations in their fields and see whether any insect/pest/caterpillar is there along with their stage. This will facilitate the effective insect control measures. |  |
| **5.** | सोयाबीन फसल पर पौध संरक्षण के लिए अनुशंसित रसायनों (कीटनाशक/फफूंद नाशक) के छिडकाव में पर्याप्त पानी की मात्रा (नेप्सेक स्प्रेयर या ट्रेक्टर चालित स्प्रेयर से 450 लीटर/हे पॉवर स्प्रेयर से 125 लीटर/हे न्यूनतम) का उपयोग करें.<br>Farmers are advised to use recommended quantity of water while spraying the insecticide or herbicide (450 l/ha for knapsack/tractor-drawn sprayer OR 120 l/ha for power sprayer). | |
| 6. | ऐसे रसायन (कीटनाशक/खरपतवारनाशक/फफूंदनाशक) जो सोयाबीन फसल में उपयोग हेतु भारत सरकार के केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा जारी सूचि में शामिल नहीं, उपयोग नहीं करें. Do not use such chemicals (insecticide/herbicide/fungicide) which are not having label claim for soybean duly approved by the Central Insecticide Board of GOI. | |
| 7. | किसी भी प्रकार का कृषि-आदान क्रय करते समय दूकानदार से हमेशा पक्का बिल लें जिस पर बैच नंबर एवं एक्सपायरी दिनांक स्पष्ट लिखा हो . While purchasing any Agri-input, always obtain a *pucca bill* from the shopkeeper showing the batch number and expiry date of the product(s). | |
| 8. | जिन रसायनों (कीटनाशक/खरपतवारनाशक/फफूंदनाशक) के मिश्रित उपयोग की वैज्ञानिक अनुशंसा या पूर्व अनुभव नहीं है, ऐसे मिश्रण का उपयोग कदापि नहीं करें. इससे फ़सल को नुकसान हो सकता है. Farmers are suggested not to use any combination of insecticides/herbicides, which is not recommended/tested, by the ICAR-IISR. This may cause damage/losses to the crop. | |
| 9. | सोयाबीन का जैविक उत्पादन लेने वाले किसान कृपया पत्ती खाने वाली इल्लियों (सेमीलूपर, तम्बाकू की इल्ली ) से फसल की सुरक्षा एवं प्रारंभिक अवस्था में रोकथाम हेतु *बेसिलस थुरिन्जिएन्सिस* अथवा *ब्युवेरिया बेसिआना* या *नोमुरिया रिलेयी* ( 1.0ली/.हेक्टे) का प्रयोग करें. In case of organic soybean production, farmers are advised to use *Bacillus thuringiensis* or *Beauveria bassiana or Nomuriya rileyi* @ 1 l/ha for control of defoliators (semilooper, tobacco caterpillar). | |

**तालिका : 31 मार्च 2025 के दौरान केन्द्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित कीटनाशकों की सूचि**

| क्र. | कीटनाशक | कीट | मात्रा/हे. |
|---|---|---|---|
| 1 | फ्लोनिकेमिड 50 WG | एफिड, जासिड, सफ़ेद मक्खी | 200 ग्रा |
| 2 | क्लोरफेनापायर 240 g/L SC | हरी सेमीलूपर इल्ली एवं तम्बाकू की इल्ली | 500 मि.ली. |
| 3 | क्लोरफ्लूआजुरोन % 05.40EC | चने की इल्लीतम्बाकू , की इल्ली | 500 मि.ली. |
| 4 | बायफेंथ्रिन 32 % + क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 12% WG | सफ़ेद मक्खी, तना मक्खी, हरी सेमीलूपर | 250 ग्रा |
| 5 | पाय्रिप्रोक्सिफेन 10 % + बायफेंथ्रिन 10 % w/w EC | सफ़ेद मक्खी | 1ली . |
| 6 | एसिटामिप्रिड + %25 बाय्फेन्थ्रिन % 25 WG | सफ़ेद मक्खी ,चक्र भृंग हरी ,सेमीलूपर इल्ली एवं तम्बाकू की इल्ली | 250ग्रा. |
| 7 | ब्रोफ्लानिलाइड 300 एस.सी . | चने की इल्लीतम्बाकू , की इल्लीहरी , सेमीलूपर इल्ली | 42-62 ग्रा. |
| 8 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5एस.सी | हरी सेमीलूपर इल्ली, तना मक्खी एवं चक्र भृंग | 150 मिली |
| 9 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 47.85 % w/w SC | तमाकू की इल्ली, हरी सेमीलूपर इल्ली, तना मक्खी एवं चक्र भृंग | 500 मि.ली. |
| 10 | इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 ई.सी. | हरी सेमीलूपर इल्ली, फली छेदक ,चक्र भृंग एवं तम्बाकू की इल्ली | 425मि.ली. |
| 11 | ईथिओन 50 ईसी. | चक्र भृंग एवं तना मक्खी | 1500 मि.ली. |
| 12 | फ्लूबेंडियामाइड 20डब्ल्यू.जी. | तम्बाकू की इल्ली एवं हरी सेमीलूपर इल्ली, | 250-300 ग्रा. |
| 13 | फ्लूबेंडियामाइड 39.35एस.सी | पत्ती खाने वाली इल्लियाँचने) की इल्ली, हरी सेमीलूपर इल्ली एवं तम्बाकू की इल्ली( | 150 मि.ली . |
| 14 | इमिडाक्लोप्रिड 48एफ.एस . | जासिड | 125 मि.ली. |
| 15 | इंडोक्साकार्ब 15.8ई.सी. | तम्बाकू की इल्ली, चने की इल्ली ,हरी सेमीलूपर इल्ली एवं तना मक्खी | 333 मि.ली . |
| 16 | इंडोक्साकार्ब 14.50 SC | तम्बाकू की इल्ली | 333 मि.ली. |
| 17 | आइसोसायक्लोसेरम 9.2% W/W Dc (10% W/V) DC | लीफ वर्म, सेमीलूपर ,चक्र भृंग ,तना मक्खी | 600 मि.ली. |
| 18 | लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.90 सी .एस. | तना मक्खीहरी , सेमीलूपर इल्ली | 300 मि.ली. |
| 19 | प्रोफेनोफॉस 50ई.सी . | हरी सेमीलूपर इल्ली एवं चक्र भृंग | 1 ली. |
| 20 | क्विनालफॉस25 ई .सी. | लीफ वीविल | 1 ली . |
| 21 | क्विनालफॉस 01.50 डी.पी. | पोड बोरर | 250ग्राम |
| 22 | स्पायनेटोरम 11.7एस.सी | तम्बाकू की इल्ली | 450मि.ली. |
| 23 | टेट्रानिलिप्रोल 18.18 एस.सी. | चक्र भृंग, हरी सेमीलूपर इल्ली एवं तम्बाकू की इल्ली | 250-300 मिली. |
| 24 | थायक्लोप्रिड 21.7एस.सी . | चक्र भृंग | 750 मि.ली. |
| 25 | बीटासायफ्लुथ्रिन 08.49 %+ इमिडाक्लोप्रिड 19.81 % w/w ओ.डी. | चक्र भृंगहरी , सेमीलूपर इल्ली | 350मि.ली. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | कार्टाप हायड्रोक्लोराइड 04 % + फिप्रोंनिल 00.50 % CG | लीफ वर्म, सेमीलूपर ,चक्र भृंग ,तना मक्खी | 500 मि.ली. |
| 27 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 09.30 % +लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.60 % जेड.सी. | लीफ वर्म, चक्र भृंग, हरी सेमीलूपर इल्ली, तना मक्खी | 200 मि.ली. |
| 28 | नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब एस .सी. | तम्बाकू की इल्ली, चने की इल्ली एवं हरी सेमीलूपर इल्ली | 825-875 मिली |
| 29 | थायमिथोक्सम 12.60 %+ लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 09.50 % जेड.सी. | तना मक्खी, हरी सेमीलूपर इल्ली एवं चक्र भृंग | 125 मि.ली. |
| 30 | कार्बोफ्यूरान 03 % सी जी. | रूट नोट नीमाटोड | 1500 ग्राम |
| 31 | फ्लोकुमफेन 0.005% Block Bait (Strom) | चूहें का नियंत्रण | 15-20 बेट |
| 32 | थायामिथोक्सम 30FS (बीजोपचार हेतु ) | शूट फ्लाई तनामक्खी | 10 मिली.किग्रा/ बीज |
| 33 | थायामिथोक्सम 30 % WS (बीजोपचार हेतु ) | जासीड<br><br>तना मक्खी, चक्र भृंग, सफ़ेद मक्खी | 4 मिली.किग्रा/ बीज<br>6मिली.किग्रा/ बीज |

****************************************************************************